हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

4 अब हटेगा श्मशान घाट, खेल मैदान और अन्य सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जा





## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव गिरधर सस्पेंड

**रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत रजघट्टा के पंचायत सचिव गिरधर साहू को आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खरसिया द्वारा 7 जनवरी के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खरसिया में पंचायत सचिव श्री साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 115,2, 351, 2 एवं 3,5 में मामला पंजीबद्ध किया गया है। इसी के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपीलद्ध नियम 1999 के नियम 4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहू को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही इस अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है।

### टीईटी परीक्षा 1 फरवरी को, 3 सदस्यीय दल गठित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडलए रायपुर द्वारा 01 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी.26 दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.45 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा केंद्रों के लिए 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा में जिन 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है इनमें दल 1 में तहसीलदार रायगढ़ शिवकुमार डनसेना, व्याख्याता नीलेश वैद्य एवं सहायक उप निरीक्षक रमेश शर्मा शामिल रहेंगे।

### दिव्यांगों के लिए 23 को रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प

**रायगढ़।** दिव्यांगजनों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर में 23 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स रायपुर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों का छत्तीसगढ़ ई.रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है।

### प्रधान पाठकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** शासकीय माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिले के शासकीय शालाओं के माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक, एडीपीओ भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा भूपेंद्र पटेल, परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र कुमार वर्मा, समस्त ब्लॉक के बीईओ उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति योजना में तेजी लाने, राष्ट्रीय साधन.सह.प्रावीण्य छात्रवृत्ति एनएमएमएस में सभी पात्र विद्यार्थियों को शामिल करने, शालाओं में बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने, कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाने तथा 26 जनवरी को उल्लास कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राव ने कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे इसके लिये राज्य से अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है। सभी को निर्धारित अवधि में सभी पात्र बच्चों की एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 2024 से पहले सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक भी था शामिल, तब भी घटती थी संख्या

# हर साल बोर्ड के घट रहे परीक्षार्थी, 9वीं और 11 के बाद स्कूल छोड़ रहे बच्चे

**बीते साल की तुलना में इस साल भी 10 वीं में 491 तो 12 वीं में 115 परीक्षार्थी हो गए हैं कम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

9 वीं की पढ़ाई पूरा करने के बाद दो चार सौ बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। इसी तरह 11 वीं के बाद भी सौ दो सौ बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या कह रही है। कक्षा 10 वीं बोर्ड और 12 कक्षा बोर्ड में हर साल परीक्षार्थियों की संख्या कम हो रही है।

बीते साल की तुलना में इस साल भी 10 वीं में जहां 491 तो 12 वीं में 115 बच्चे कम हो गए हैं। बच्चे स्कूल क्यों और कैसे छोड़ रहे हैं इसकी चिंता शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी नहीं है। इसे लेकर कभी कोई पहल ही नहीं की गई। हालांकि 2024 से पहले रायगढ़ जिले में सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक के परीक्षार्थी भी शामिल थे। तब भी परीक्षार्थियों की संख्या कम होती रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की दलील है कि बच्चे फेल होते हैं तो स्कूल छोड़ देते हैं। जबकि ड्राप आउट बच्चों को लेकर शासन कई तरह का सर्वे कर उनको शिक्षा के मूख्य धारा में जोड़ने की कवायद कर रही है। ऐसे में बोर्ड में कम हो रहे बच्चों की संख्या काफी चिंताजनक है। बीते तीन साल 2024, 2025 और 2026 के बोर्ड के परीक्षार्थियों की संख्या पर गौर करें तो कम होने का प्रमाण मिल जाएगा। बीते साल याने 2025 में कक्षा 10 वीं में 12603 परीक्षार्थी थे। वहीं कक्षा 12 वीं में 9252 परीक्षार्थी थे। इस साल याने 2026 में 10 वीं में 12112 और 12 वीं में 9137 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। यह बोर्ड से मिले फायनल आंकड़ा है। ऐसे में बीते साल की तुलना में 491 और 115 बच्चे कम हो गए हैं। इसी तरह 2024 की तुलना में साल 2025 में 10 वीं में 640 और कक्षा 12 वीं में 624 परीक्षार्थी कम हो गए थे।



### इस साल परीक्षा सेंटर भी हो गए कम

दर्ज संख्या कम होने की वजह से करीब सात परीक्षा सेंटर इस बार कम कर दिया गया है। बीते साल याने 2025 में बोर्ड के परीक्षा सेंटरों की संख्या जहां 116 थी। वहीं इस साल इसे कम करके 109 कर दिया गया है। खास बात यह है कि एक दो नए सेंटर भी बनाए गए है जिनका प्रपोजल शिक्षा विभाग ने भेजा ही नहीं था। याने सीधे बोर्ड से ही लोगों ने सेटिंग कर लिया।

### ऐसे रहे बीते 5 साल के परीक्षार्थी

| साल | कक्षा | परीक्षार्थी |
|---|---|---|
| 2026 | 10 वीं | 12112 |
| | 12 वीं | 9137 |
| 2025 | 10 वीं | 12603 |
| | 12वीं | 9252 |
| 2024 | 10 वीं | 13243 |
| | 12 वीं | 9876 |
| 2023 | 10 वीं | 18827 |
| | 12वीं | 17430 |
| 2022 | 10 वीं | 19985 |
| | 12 वीं | 15279 |

## प्रयास और नवगुरुकुल के बच्चों से कलेक्टर ने किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गढ़उमरिया में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर शैक्षणिक प्रगति, अध्ययन वातावरण एवं आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा खेल मैदान के विकास तथा विद्यार्थियों के आवास हेतु अतिरिक्त भवन निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने गढ़उमरिया में संचालित नवगुरुकुल संस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सतत अध्ययन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर रायगढ़ में नवगुरुकुल का संचालन किया जा रहा है, जहा 120 बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय दो वर्षीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवगुरुकुल में छात्राओं को इंजीनियरिंग, प्रोग्रामिंग, बिजनेस, डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## भारी वाहनों से लेकर प्लांट का लोहा भी खप रहा कबाड़ में



पुलिस की रेड में खुलासा, पांच करोड़ की अवैध कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के कबाड़ियों का कारोबार शहर और बाहरी चोरों के बदौलत फल फूल रहा है। कबाडियों के गोदाम में भारी वाहनों से लेकर प्लांट का लोहा और अन्य सामान बेखौफ खप रहा है। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब पुलिस की टीम ने एक साथ 24 कबाड़ियों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान पांच करोड के अधिक की संपत्ति जब्त करने की जानकारी मिली है।

थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखा में तीन अलग.अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो 10 चक्का ट्रक, दो माजदा वाहन, एक बोलेरो वाहन में लोड कबाड़ तथा ग्राम चिराईपानी रोड किनारे सिकंदर कबाड़ी के गोदाम से 46 टन कबाड करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का अवैध कबाड़ जब्त किया गया। मौके पर हाईवा व ट्रक वाहनों में छोटी.बड़ी गाड़ियों के पाट्र्स, लोहे के पाइपए गोलीए सरियाए एंगलए खाली सिलेंडर सहित हाइड्रोलिक मशीनें भी बरामद की गईं। इसी क्रम में पूंजीपथरा पुलिस टीम द्वारा 6 अलग.अलग स्थानों पर दबिश देकर 3 ट्रक के साथ 6 आरोपियों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से तीन ट्रक एवं लगभग 67 टन अवैध कबाड़ जब्त किया गयाए जिसकी अनुमानित कीमत करीब 34 लाख रुपये बताई गई है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपियों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। वहीं पुसौर क्षेत्र में 3 अलग.अलग स्थानों पर दबिश में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनसे एक टाटा 710 वाहन और 4 टन से अधिक कबाड जप्त किया गया है । इसी प्रकार चक्रधरनगर एवं भूपदेवपुर क्षेत्र में 3.3 स्थानों परए कोतरारोड़ एवं खरसिया में 2-2 स्थानों पर तथा धरमजयगढ़ एवं तमनार में एक.एक स्थान पर कार्रवाई की गई। इस प्रकार जिलेभर में कुल 24 स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए संपूर्ण कार्यवाही में 14 वाहन जिसमें हाईवा, ट्रक, टाटा 710 वाहनए माजदा और छोटा हाथी पिकअप वाहन के साथ 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से करीब 120 टन, 331 किलो अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य थानों में भी कार्यवाही जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान चलाया गया है।

# पुसौर बना धान चोरी का हॉट स्पॉट, डेढ़ महीने में 39 प्रकरण दर्ज, जब्त किया गया 65 हजार क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध धान आवक का हॉट स्पॉट बन गया है पुसौर ब्लॉक। यह हम नहीं बल्कि विभाग द्वारा जारी आंकड़े कह रहे हैं। इस ब्लॉक में सबसे अधिक 39 प्रकरण अब तक दर्ज किया गया है और करीब 65 हजार क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसका सीधा मतलब है यहां अवैध धान की आवक अन्य ब्लॉकों से अधिक है।

**खास बात**

- 22 खरीदी केंद्रों में अधिकांश स्थित है बार्डर में

हालांकि ओड़िशा बार्डर होने के कारण हर साल इसी तरह के हालात यहां निर्मित होते हैं। इस साल कुछ सख्ती की गई तो प्रकरण दर्ज हो गए। इस बार कम धान खरीदी करने के मौखिक आदेश के बाद विभागीय अधिकारियों ने इसमें जी जान लगा दिया है। रात- दिन एक कर अवैध धान रोकने की कवायद कर रहे हैं। इसके बाद भी जो आंकड़ा सामने आया है वह यहां बेखौफ अवैध धान खपने की कहानी कह रही है। अब तक जिले में 186 प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें 1 लाख 36 हजार 330.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। खास बात यह है कि इसमें सबसे अधिक पुसौर ब्लॉक में 39 प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध धान की आवक ज्यादा होने की वजह से प्रकरण दर्ज भी अधिक किया गया हैं। धरमजयगढ़, रायगढ़ और खरसिया भी इससे अछूते नहीं है। यहां भी खासे मामला दर्ज किया गया है।



यहां ओड़िशा का धान खप रहा बैखौफ

### कंम्प्यूटर में की गई 662 बोरी की एट्री

जांच के दौरान समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कृषक के नाम पर 662 बोरी धान 264.80 क्विंटल की खरीदी दर्ज करने की बात सामने आई है। जबकि वास्तविक रूप से केवल 383 बोरी धान ही खरीदी योग्य थी। इस प्रकार 279 बोरी धान 111.6 क्विंटल की फर्जी खरीदी करने का मामला सामने आया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तमनार पंजीयन क्रमांक 241 के डाटा एंट्री ऑपरेटर अमित साव को धान खरीदी कार्य में गंभीर अनियमितता, लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### कहां कितने दर्ज किया गया प्रकरण

| तहसील | प्रकरण | जब्त धान (क्विं) |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 23 | 15446 |
| पुसौर | 39 | 64884 |
| तमनार | 13 | 1106 |
| खरसिया | 25 | 40814 |
| घरघोड़ा | 07 | 906 |
| लैलूंगा | 19 | 4374 |
| मुकडेगा | 09 | 317 |
| धरमजयगढ़ | 29 | 6538 |
| छाल | 08 | 971 |
| कापू | 14 | 971 |

### तमनार में 279 बोरी अवैध धान की खरीदी, ऑपरेटर निलंबित, फड़ प्रभारी को किया गया बाहर

धान उपार्जन केंद्र तमनार में 279 बोरी अवैध धान खरीदी का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट के बाद तमनार धान खरीदी केंद्र के कंम्प्यूटर ऑपरेटर को जहां निलंबित कर दिया गया है। वहीं फड़ प्रभारी के काम से अलग कर दिया गया है। जानकारी मिली है कि बीते 19 जनवरी को कृषक चन्द्रमणी पिता हरीशचंद्र निवासी झिंकाबहाल धान विक्री के लिए उपार्जन केंद्र में धान लाया गया था। प्रारंभिक जांच में 85 बोरी धान अमानक पाए जाने पर उसे अलग किया गया। जबकि शेष मानक धान को ढालकर नमी मापी गई तथा बोरे में भरकर वजन कराया गया। जांच के दौरान 383 बोरी धान का वजन सही पाया गया। समिति प्रबंधक को उक्त मानक धान की खरीदी के निर्देश दिए गए थे, किंतु समिति द्वारा संधारित रजिस्टर एवं कंप्यूटर प्रविष्टियों की जांच में गंभीर गड़बड़ी सामने आई।

## खनन प्रभावित क्षेत्र तमनार और कापू में 10-10 बिस्तरीय एनआरसी का होगा संचालन

**रायगढ़।** जिले में कुपोषण की दर में प्रभावी कमी लाने तथा गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को सामान्य स्वास्थ्य श्रेणी में लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्र तमनार एवं कापू में दो पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला खनिज न्यास मद से तमनार में 14 लाख 70 हजार एवं कापू में 19 लाख 50 हजार की लागत से 10-10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों के प्रारंभ होने से क्षेत्र में निवासरत गंभीर कुपोषित बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पोषण पुनर्वास केंद्र 5 वर्ष से कम आयु के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य इकाई है, जहां बच्चों को उनकी माताओं अथवा देखभालकर्ताओं के साथ भर्ती कर विशेष चिकित्सीय उपचारए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य निगरानी एवं पोषण प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जाती है। इसके साथ ही माताओं को बच्चों की घर पर बेहतर देखभाल, पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाता है।



## खाटू श्याम मंदिर में आज मनेगा तृतीय पाटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में तृतीय पटोत्सव 22 जनवरी को होने जा रहा है जिसकी तैयारी बड़ी धूमधाम एवं जोरों शोरों से की जा रही है श्री श्याम मित्र मंडल के सभी सदस्यों के तत्वाधान में यह तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी।

22 जनवरी को शाम 5 बजे कलश यात्रा एवं निशान यात्रा निकल जाएगी जो की लातनाका से होते हुए नाथलदाई मंदिर से मेंन रोड होते बस स्टैंड होते हुए श्याम मंदिर तक जाएगी जिसमें शिव तांडव की अद्भुत प्रस्तुति होगी उसे देखने मात्र से ही लोगों के रोंगटे खड़े हो जाएंगेए 23 जनवरी को शाम 7 बजे श्याम जगत के सम्राट कोलकाता से है मशहूर गायक संजय मित्तल एवं जयपुर से साक्षी अग्रवाल द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा दोनों मशहूर कलाकार अपने विशाल भजन अमृत रस गंगा के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं पुष्प वर्षा एवं इत्र वर्षा की जाएगी। 25 जनवरी को शाम 7 बजे लखदातार का खजाना लकी ड्रा शुरू किया जाएगा जिसमें बाबा के आशीर्वाद स्वरूप प्रथम इनाम के रूप में कार, द्वितीय बूलेट, स्कूटी, टीवी,फ्रिज, इंडक्शन,साइकिल, मिक्सी, सिलाई मशीन एवं अन्य आकर्षक उपहार बाबा के खजाने में रहेंगे। 18 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक श्याम मंदिर के सामने मीना बाजार का भी आयोजन किया गया है जिसमें देश.विदेश के विभिन्न प्रकार के मनोरंजन हेतु झूले, भूत बंगला, खाने की रंग बिरंगे सामान एवं दुकान आई है जिससे हजारों की संख्या में भीड़ बनी रहती है।

### संभागायुक्त ने मतदान केन्द्र स्तर पर कार्यों का किया निरीक्षण

# एसआईआर अभियान से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संभागीय कमिश्नर बिलासपुर एवं रोल आब्जर्वर सुनील जैन ने बुधवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्र स्तर पर एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दावा.आपत्तियों की स्थिति, उनके निराकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ से सीधे संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने विधानसभा क्षेत्र खरसिया अंतर्गत पतरापाली एवं कुनकुनी, रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयुष कार्यालय तथा धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घरघोड़ा एवं लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र तराईमाल में स्थापित केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री जैन ने कहा कि हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने से संबंधित आवेदनों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण किया जाए। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इस अभियान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें बीएलओ की जिम्मेदारी अहम है।




उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे तथा अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि एसआईआर कार्य की प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

## लाइफ Style


# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।



## हॉलीवुड मसाला




# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

## टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी। ' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।


**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

***नई दिल्ली।** 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## खबर संक्षेप


### पॉक्सो मामले में दोषसिद्धि से मिला न्याय का संदेश, 20 साल की सजा

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले ने 12 वर्ष से कम आयु की नाबालिग बच्ची से जुड़े एक जघन्य यौन अपराध मामले में न्यायालय द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि का स्वागत किया है। पुलिस ने इसे बच्चों के विरुद्ध अपराधों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम बताया है।टांगरपाली थाना कांड संख्या 127/21ए जो भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) तथा बाल यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम पोस्को एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज किया गया था, में न्यायालय ने 20 जनवरी 2026 को आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही आरोपी पर चार लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला 11 सितंबर 2021 की उस घटना से संबंधित है, जिसमें नाबालिग पीड़िता के साथ गंभीर यौन उत्पीड़न किया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना की त्वरित सूचना, तत्काल पुलिस कार्रवाई, वैज्ञानिक एवं पेशेवर ढंग से की गई जांच तथा सशक्त अभियोजन के कारण यह सुनिश्चित हो सका कि पीड़िता को समयबद्ध न्याय मिल सके। राउरकेला पुलिस जिले ने विशेष लोक अभियोजक अंबिका प्रसाद एवं प्रमोद कुमार देबता के समर्पित प्रयासों की सराहना की, जिनकी प्रभावी और ठोस कानूनी दलीलों के चलते अदालत में दोषसिद्धि संभव हो सकी।

### आदर्श पाठागार के समर्थन में एकजुटता का संदेश

**राउरकेला।** जब एक ओर राज्य सरकार ओड़िया अस्मिता, भाषा और संस्कृति के संरक्षण की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर राउरकेला इस्पात कारखाना सेल आरएसपी द्वारा 67 वर्षों से स्थापित आदर्श पाठागार एवं भंज भवन को जबरन अपने कब्जे में लेकर ताला लगाए जाने की घटना ने पूरे ओडिशा में आक्रोश पैदा कर दिया है। इसे भाषा, साहित्य और संस्कृति पर सीधा हमला बताते हुए शहर के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, श्रमिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया है। वर्ष 1958 में ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित आदर्श पाठागार को तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ दास ने वर्ष 1974 में 3 एकड़ 19 डिसिमिल भूमि 30 वर्षों के लिए निःशुल्क लीज पर दी थी, जिसकी अवधि 6 जनवरी 2004 तक थी। दशकों से यह संस्था राज्यभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए साहित्य, रंगमंच, कला और संस्कृति से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित करती आ रही है। भंज भवन एवं उससे जुड़ी सांस्कृतिक परियोजनाओं के निर्माण में राउरकेला इस्पात कारखाने के कर्मचारियों, शहर के ओड़िया प्रेमी नागरिकों, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय, पूर्व मंत्री व विधायक सुब्रत तराई,राजा राममोहन राय फाउंडेशन, पश्चिम ओडिशा विकास परिषद, उद्योगपतियों, व्यापारियों और तत्कालीन आरएसपी प्रमुख डॉ. सनक मिश्रा का उल्लेखनीय योगदान रहा। वर्ष 1982 में ष्भंज सांस्कृतिक न्यास के गठन के साथ इस परियोजना को संस्थागत रूप दिया गया।

### दंतैल हाथी ने किसान को कुचल कर मार डाला



**राउरकेला।** जंगली हाथियों का आतंक एक बार फिर मानव जीवन पर भारी पड़ गया। सुंदरगढ़ जिले के नुआगांव ब्लॉक अंतर्गत बिसरा थाना क्षेत्र के बारिलेपटा गांव की पहाड़ टोली बस्ती में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक घटना में दंतैल हाथी ने खलिहान में धान समेट रहे 45 वर्षीय किसान लोबो सिंह लव को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। इसके बाद गांव के क्लब घर को तोड़कर दंतैल हाथी ने यहां रखे धान को चट कर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक 45 वर्षीय लोबो सिंह घटना के समय अन्य ग्रामीणों की तरह बुधवार की सुबह अपने खलिहान में थे।हाथी को देख कर किसान लोबो सिंह अन्य ग्रामीणों की तरह जान बचा कर भाग रहे थे, इसी दौरान हाथी से सामना हो गया।

## तस्करों से 1 क्विंटल 85 किलो गांजा बरामद

# कार की सीट के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 55 लाख का गांजा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत रानीकोंबो में नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की क्रेटा कार नंबर युपी -32- एचएफ- 0299 से 1 क्विंटल 85 किलो 42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 55 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

■ नशे के सौदागरों पर जशपुर पुलिस का प्रहार

20 जनवरी 2026 की तड़के 3 से 4 बजे के बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुनकुरी– नारायणपुर मार्ग पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध क्रेटा कार को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी में कार की बीच सीट के नीचे और डिक्की में कारपेट के नीचे छुपाकर रखे पीली प्लास्टिक टेप से लिपटे 180 पैकेट गांजा बरामद हुआ। मामले में शान मोहम्मद उर्फ सानू उम्र 22 वर्ष निवासी जगदीशपुर, मानपुरलाल, लखनऊ उप्र,सुहैल अहमद उम्र 19 वर्ष निवासी सरौरकला, कमलापुर, थाना सीतापुर, जिला सीतापुर उप्र को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी करवाई में सहायक उप निरीक्षक अमरबेल मिंज, अनिल कामरे, नरेश मिंज, प्रधान आरक्षक उमेश मिंज, आरक्षक अविनाश सोनी एवं कुलदीप खलखो की टीम ने इस कार्रवाई को सफल बनाया।

### ओडिशा से उत्तरप्रदेश तक का था सफर

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा मलकानगिरी, ओडिशा से लाकर उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर लखनऊ के एक तीसरे तस्कर की पहचान भी कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार और आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं; मोबाइल डाटा की जांच जारी है।

### भेजे गए जेल

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नारायणपुर में धारा 20 (बी) (2)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा

नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात निरंतर जारी है। जिले में मुखबिर तंत्र को और मजबूत किया गया है।

-**शशि मोहन सिंह**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

## धान घोटालाः 6.55 करोड़ की अनियमितता का मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** धान उपार्जन केन्द्र कोनपारा (तुमला) में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान सामने आए 6 करोड़ 55 लाख रुपए के बड़े घोटाले में जशपुर पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक जयप्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी एफआईआर दर्ज होते ही दमोह (मध्यप्रदेश) में छिपा, फिर पुलिस दबाव बढ़ने पर विकासनगर कुसमुंडा, कोरबा पहुंचा, जहां रात में घेराबंदी कर उसे दबोचा गया।जांच में खुलासा हुआ कि जयप्रकाश साहू पहचान छिपाने के लिए हर बार दूसरे के नाम से मोबाइल सिम लेकर इस्तेमाल करता रहा। साइबर यूनिट की निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग से उसकी चालाकी धरी रह गई।

संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। जिसमें धान खरीदी 1,61,250 क्विंटल,मिल व संग्रहण केंद्रों को परिदान 1,40,663.12 क्विंटल, कमी 20,586.88 क्विंटल, धान मूल्य 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से 6.38 करोड़ का नुकसान हुआ था। 4,898 नग बारदाना 17.07 लाख,कुल क्षति 6,55,26,979 का हुआ।

### 6 आरोपी, 2 जेल में, 4 फरार

मामले में कुल 6 आरोपी नामजद हैं। फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव पहले ही गिरफ्तार होकर जेल में है।जयप्रकाश साहू दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। वहीं शेष 4 आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आरेपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर थाना तुमला में बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम व साइबर यूनिट ने कई राज्यों में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




**रायगढ़।** शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। नगर निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ महापौर जीवर्धन चौहान सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं आरोग्य शहर बनाने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। सभी के सामूहिक प्रयासों से रायगढ़ को डेंगू से निपटने में सफलता हासिल हुई है। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता के माध्यम से रायगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं आरोग्य शहर बनाने में निरंतर सहयोग का आह्वान किया तथा मितानिनों की भूमिका की सराहना की। सभापति डिग्रीलाल साहू ने जनप्रतिनिधियों से शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग की अपील की। आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि निगम अमला जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता तक पहुंच का सशक्त माध्यम है। जिस भी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग को नगर निगम के सहयोग की आवश्यकता होगी, इसके लिए पूरा निगम समन्वय के साथ तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलने से योजनाओं का क्रियान्वयन सरल होता है तथा डेंगू नियंत्रण में मिली सफलता सामुदायिक समन्वय का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## छाल क्षेत्र में बढ़ रही है चोरी की वारदात

**कुड़ेकेला।** छाल थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एक ही रात में चोरों ने छाल थाना क्षेत्र के कुड़ेकेला व एडु में चोरी को अंजाम दिया है। छाल थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोरों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सोमवार के दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर नगदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। तो वहीँ दूसरी ओर एडु मेंदुकान के बाहर लगे बोर्ड के एंगल को काट कर ले गए। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार कुड़ेकेला निवासी भगवती मिश्रा जो कि कोरबा अपने पुत्र के यहां एक सप्ताह से गई थी। घर मे ताला लगा हुआ था जहाँ घर के मुख्य गेट के दरवाजे को तोड़कर अंदर रखी अलमारी संदूक को खंगाल डाला। नगद सहित सोने चांदी के जेवरात को सुने मकान से ले उड़े। हैरानी की बात यह रही कि घर के अगल बगल के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जिससे चोरों की बेखौफ गतिविधि साफ झलकती है। भगवती मिश्रा जब कोरबा से घर आकर सुबह दरवाजे के कुंदा टूटा देख उसके होश उड़ गए और घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। छाल थानाक्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। बात करें जनवरी माह की ही तो 2 जनवरी के रात कुड़ेकेला निवासी विनीत साव के घर मे ब्रेजा कार में सवार 5 चोरों ने मोहल्ले की रेकी कर लाखों के नगद व जेवरात को चुरा ले गए व छाल में भी चोरी को अंजाम दिया। उक्त चोरी के मामले अभी भी अनसुलझी पड़ी है जबकि उस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्रीय लोगों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। 12 जनवरी को हाटी में एक शिक्षिका के मकान में चोरों ने चोरी के वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बिते दिन कुड़े केला व एडु में चोरी के घटना को अंजाम दिया।



### यहां नही ली जाती सूचना

बात करें छाल थाना की तो यहां चोरी के वारदातों की नहीं ली जाती शिकायत अक्टूबर 25 से अब तक दर्जनों चोरी के अपराध क्षेत्र में घट गई है किन्तु पुलिस के आंकड़े महज गिनती के दो से चार में सिमट कर रह गई है। पीड़तिों की सुने तो क्षेत्र में डीजल बैटरी लोहा जैसे कई वारदात आए दिन होते रहता है। हद तो तब हो गई जब 28 अक्टूबर को एडु के बरभोना चौक में खड़ी ट्राला को ही चोरों के गिरोह ले उड़े। बरभोना धान उपार्जन केंद्र से 17 लाख रुपये की शासकीय बारदाना बोरी चोरी।

## प्रथम ऐतिहासिक रोवर रेंजर जम्बूरी में शामिल हुए हुए अभिनव के छात्र




**पुसौर।** भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा बालोद जिले में आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जम्बूरी में जिला संघ रायगढ़ के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा जिला मुख्य आयुक्त अरूण कातोरे कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केव्ही राव के निर्देशन एवं डीओसी रामाधार चौधरी डीटीसी जितेन्द्र कुमार डनेसना सचिव विकास कुमार तिवारी के सहयोग से अभिनव विद्या मंदिर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम पुसौर के 14 रोवर 6 रेंजर 3 स्काउटर एवं 2 गाइडर सम्मिलित हुए।

उक्त जम्बूरी में जिला प्रभारी के रूप स्थानीय संघ सचिव राजकिशोर स्वर्णकार राज्य स्तरीय टीम में अनुशासन एवं निगरानी समिति में अक्षय कुमार सतपथी एडवेंचर सामान्य में कृष्ण कुमार बारीक भोजन व्यवस्था एनएचक्यू एसएचक्यू में मिलाप सिंह पटेल स्वास्थ्य समिति में पंकज कुमार विश्वाल भोजन व्यवस्था सेन्ट्रल में जितेन्द्र कुमार डनसेना को जिम्मेदारी दी गई थी। इस जम्बूरी में दो देशों एवं भारत के 35 राज्य के लगभग 12 हजार प्रतिभागियों ने विभिन्न स्किल्स जैसे एडवेंचर वाटर गेम मड गेम नाइट हाइक कैम्प क्राफ्ट पायोनियरिंग पास्ट कलर पार्टी फूड प्लाजा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पीजन शो झांकी युवा भारत सशक्त भारत के थींम में युवा सांसद जैसे कार्यक्रम में भाग लेने से रोवर रेंजर के व्यक्तित्व विकास हेतु यह जम्बूरी बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। इस जम्बूरी कैम्प समापन समारोह पर बाल विवाह मुक्त करने हेतु रिकार्ड 20 हजार लोगों को मुख्यमंत्री ने शपथ दिलाई । एक कार्यक्रम में अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के राष्ट्रपति एवार्ड गाइड कु आस्था सतपथी को राष्ट्रपति स्काउट गाइड गील्ड बेच प्रदान किया गया। अभिनव विद्या मंदिर पुसौर से कु. प्रतिमा प्रधान श्रीमती पार्थवी भोय अभिनव सतपथी पीताम्बर गुप्ता युधिष्ठिर मेहर रोवर रेंजर लीडर के रूप में सम्मिलित रहे।

## कर्म का फल भोगना ही पड़ता है : श्रद्धा दीदी

**बिलाईगढ़।** मुख्यालय से लगे ग्राम गोविंदवन, विकासखंड बिलाईगढ़ में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सिमगा छत्तीसगढ़ से पधारी कथावाचिका पूज्या श्रद्धा दीदी ने कहा कि किए हुए कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है। उन्होंने श्लोक उद्धृत करते हुए कहाकृ अवश्यमेव भोगतव्यम्‌ कृतं कर्म शुभाशुभम्‌। मनुष्य के जीवन में सुख दुख का कारण कोई अन्य नहीं, बल्कि स्वयं के किए हुए कर्म ही होते हैं। पूज्या श्रद्धा दीदी ने श्रीरामचरित मानस का उल्लेख करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने स्पष्ट लिखा है काहु न कोऊ सुख दुख कर दाता, निज कृत कर्म भोग सब भ्राता। अर्थात संसार कर्मप्रधान है, जो जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। कथा के दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण अंतर्गत सुकदेव प्राकट्य, भीष्म पारायण, परीक्षित जन्म एवं परीक्षित श्राप की कथाओं को अपनी मधुर, सरस एवं ओजमयी वाणी में विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। बीच बीच में मधुर संकीर्तन से कथा का वातावरण भक्तिमय बना रहा। उन्होंने कहा कि भगवान सदैव भावग्राही होते हैं। भक्ति का विवेचन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान का हो जाना ही भागवत होना है भगवान के निवास, उपदेश और उनसे जुड़े संबंध का नाम ही भागवत है। यह सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा स्व. रामेश्वर साहू एवं स्व. बिटावन बाई साहू की स्मृति में अधिवक्ता एवं नोटरी रामसहाय साहू तथा श्रीमती निर्मला साहू द्वारा आयोजित की गई है। कथा का विश्राम 27 जनवरी मंगलवार को कपिला तर्पण एवं यज्ञ पूर्णाहुति के साथ होगा।



## श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**छाल।** सक्ति जिले के ग्राम ठुठी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में श्रीधाम वृंदावन से शिक्षा प्राप्त प्रखर कथावाचिका पूज्य देवी शुभी मिश्रा ने अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को कथा रसपान कराया। कथा के तीसरे दिन देवी मिश्रा ने ब्रह्मांड की उत्पत्ति यानी सृष्टि वर्णन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ईश्वर ने इस जगत का सृजन किया। इसके पश्चात माता सती के चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए उन्होंने सती दाह और भगवान शिव के वैराग्य की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि अटूट श्रद्धा और भक्ति ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है। कथा के मुख्य आकर्षण में ध्रुव चरित्र का प्रसंग रहा। देवी ने बताया कि मात्र पांच वर्ष की अल्पायु में बालक ध्रुव ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कठोर तपस्या से भगवान नारायण को प्रसन्न कर लिया। ध्रुव की कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि यदि संकल्प सच्चा हो, तो लक्ष्य प्राप्ति में आयु बाधा नहीं बनती। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा वातावरण श्जय श्री कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन 19 जनवरी से शुरू हुआ है, जो आगामी 27 जनवरी 2026 तक अनवरत जारी रहेगा।



## भाजपा में नवीन युग की शुरूआत : अरूणधर

**रायगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा में नितिन युग की शुरुवात है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चयन की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं ने जश्न मनाया। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही रायगढ़ में अलग उत्साह देखने मिला उनके प्रभारी रहते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को चमकीली जीत मिली है। रायगढ़ विधान सभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के एक एक कार्यकताओं से उनका सतत संपर्क रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इज़हार किया। इस दौरान भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थको की मौजूदगी रही। ऊर्जावान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए इस ताजपोशी को संगठन के लिए नई दिशा देने वाला कदम निरूपित किया। जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने नितिन नवीन से जुड़े संस्मरण साझा किए। जिला अध्यक्ष अरुण धर ने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी और देशभर में भाजपा की नीतियों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।



## 500 ग्राम के अमानक बोरा देकर किसानों से 600 ग्राम लिया गया धान

**रायगढ़।** धान के कटोरे छत्तीसगढ़ में किसानों के प्रमुख फसल धान को सरकारी संग्रहण केंद्रों से चूहा खा जा रहा है जिसका मूल्य करोड़ों में है। अब रायगढ़ जिले से नए भ्रष्टाचार में जिला विपणन विभाग ने अमानक और कम वजन के नए बारदानों में 100 ग्राम के लगभग ज्यादा धान किसानों से लेने का मामला सामने आया है।

■ कलेक्टर को सुपुर्द किया गया 500 ग्राम का अमानक स्तर का नया बारदाना

रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला, अज्ञात मल्होत्रा, कृष्णा साहू, आशुतोष शुक्ला, ऋषभ मिश्रा, सुरेन्द्र पटेल, मानस, तिजेश जायसवाल, शिवम कच्छवाहा, सूरज यादव, रामदीन शर्मा, देवेश प्रधान, सिंटू गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि उनके ग्रामीण सदस्यों के अनुसार जिले में धान खरीदी को लेकर जिला विपणन विभाग, रायगढ़ ने नए बारदानों की सप्लाई धान खरीदी केंद्रों में दी है जिसका वजन करने से 500 ग्राम के प्रत्येक नए बोरे निकले। जिसको लेकर धान केंद्रों में किसानों ने आपत्ति की और बताया कि नए बारदानों 500 ग्राम के हैं और इसके नाम से 600 ग्राम धान किसानों से लिया जाना गलत है।जब खरीदी केंद्रों में किसानों की बात नहीं सुनी गई तो किसानों के प्रतिनिधि मंडल के मय सबूत और शिकायत ज्ञापन के साथ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से भेंट किया गया। उन्हें ज्ञापन के साथ 500 ग्राम का घटिया और अमानक स्तर का नया बोरा प्रस्तुत किया।इस ज्ञापन में विपणन विभाग द्वारा देश के लगभग 36 जूट मिलों से लगभग 2 करोड़ 52 लाख के लगभग नया बारदाना जिले के वर्ष 2025- 26 के धान खरीदी के लिए नया बोरा की सप्लाई ली गईं जो कि प्रदेश के विपणन विभाग के नियमों के तहत वर्ष 2025-26 के तहत बिंदु 15 के अंतर्गत 580 ग्राम 8.0 अर्थात 626 ग्राम से 6.0 अर्थात 626 ग्राम से अधिक वजन वाले तथा 545 ग्राम से कम होने पर अमानक स्तर के माने जाते हैं।

## 15वें वित्त आयोग की राशि अटकी ग्राम पंचायतों में आर्थिक संकट

**सरसींवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की ग्राम पंचायतें इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। 15वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाली अनुदान राशि अब तक पंचायतों को प्राप्त नहीं होने से मूलभूत विकास कार्यों की गति लगभग ठहर गई है। जिले में संचालित लगभग 350 ग्राम पंचायतें इस विलंब का सीधा दंश झेल रही हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्कूल मरम्मत, सामुदायिक भवन, श्मशान घाट, हैंडपंप मरम्मत, स्वच्छता और अन्य आवश्यक जनहित कार्य पूरी तरह या आंशिक रूप से बाधित हो चुके हैं। कई पंचायतों में तो पहले से स्वीकृत कार्य केवल कागजों में सिमट कर रह गए हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में नव निर्वाचित सरपंच चुने हुए लगभग एक वर्ष हो चुके हैं। समस्त ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं एवं वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए पंचायती राज व्यवस्था क्षीण सी हो चुकी है। जहाँ शासन, प्रशासन द्वारा अब तक किसी की राशि ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने हेतु कोई विशेष पहल नजर नही आ रही है। 15वें वित्त आयोग की राशि ग्राम पंचायतों के लिए केवल अनुदान नहीं, बल्कि स्थानीय स्वशासन की रीढ़ मानी जाती है। यह वही राशि है जिससे पंचायतें बिना किसी जटिल स्वीकृति प्रक्रिया के स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार त्वरित निर्णय लेकर कार्य कर सकती हैं। लेकिन वित्तीय वर्ष बीतने के बावजूद राशि जारी न होना पंचायतों की कार्यक्षमता पर सीधा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।




### गुजरात की साइबर ठगी की आंच राउरकेला तक, पांच महीनों से फ्रीज खाते

**राउरकेला।** डिजिटलीकरण को आधुनिक भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है लेकिन इसी डिजिटल क्रांति के साए में साइबर ठगी एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक चुनौती बनकर उभरी है। तीसरी औद्योगिक क्रांति के रूप में पहचाने जाने वाले इस डिजिटल युग ने जहां जीवन को आसान बनाया है, वहीं ठगों को भी नए नए रास्ते दे दिए हैं। नतीजा यह है कि शिक्षित युवाओं से लेकर गृहिणियों, सरकारी कर्मचारियों और यहां तक कि बैंक कर्मियों तक, कोई भी साइबर अपराध से अछूता नहीं रह गया है। 86 प्रतिशत से अधिक साक्षरता दर वाला राउरकेला, जिसे श्मिनी इंडिया कहा जाता हैए अब साइबर ठगी की घटनाओं का गवाह बनता जा रहा है। कॉलेज छात्र हों या छोटे व्यापारी, डिजिटल भुगतान के इस दौर में सभी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## 63 करोड़ की लागत से निर्मित वर्षा जल संरक्षण प्रकल्प कागजों में दफन

**राउरकेला।** बीजद के पूर्व सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कर्मतत्पर योजना मुक्ता फंड से राउरकेला नगर निगम क्षेत्र में बनाई गई वर्षा जल संरक्षण परियोजनाएं आज अपने अस्तित्व के लिए तरसती नजर आ रही हैं।

हालात यह हैं कि कई स्थानों पर केवल परियोजनाओं के नाम वाले सूचना बोर्ड लगे हैंए जबकि जमीन पर काम का कोई नामोनिशान तक नहीं है। कहीं परियोजनाएं मिट्टी में मिल चुकी हैं तो कहीं कुछ ईंटें और अधूरे ढांचे ही दिखाई दे रहे हैं। इन परियोजनाओं पर 10-15 करोड़ नहीं, बल्कि करीब 63 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च दिखाई गई है, लेकिन इतने बड़े निवेश के बावजूद शहरवासियों को इसका कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिला। इसको लेकर शहर के बुद्धिजीवियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गंभीर सवाल खड़े करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, वर्षा जल संरक्षण परियोजनाओं का कार्य महिला स्वयं सहायता समूहों एसएचजी के नाम पर आवंटित किया गया था, लेकिन वास्तविक कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया गया। आरएमसी कार्यालय के पास सिंहासिनी मंदिर परिसर, वेदव्यास, बसंती कॉलोनी, सारनगरि, इस्पात नगर क्षेत्र और एफसीआई गोदाम की चारदीवारी के आसपास सहित कई इलाकों में एस एच जी द्वारा किए गए कार्य कहीं नजर नहीं आते।

### ड्रेनेज सुधार को लेकर बनी कार्ययोजना, राज्य सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम की ओर से बंडामुंडा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्नगर निगम अब आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को मौके पर ही सुनना और उनके समाधान की दिशा में त्वरित व प्रभावी पहल सुनिश्चित करना रहा। सुबह के समय बंडामुंडा डीजल कॉलोनी स्थित रेलवे पेंशनर कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राउरकेला नगर निगम की कम्युनिटी ऑर्गनाइजर प्रज्ञा परमीता साहू एवं जूनियर इंजीनियर सुशांत बेहरा ने की।

## खबर संक्षेप



### दलहन तिलहन की ओर बढ़े किसान

**कटेली।** उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ आशुतोष श्रीवास्तव के निर्देशन में विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान फसल के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम नवापारा के किसान पन्नालाल चौहान द्वारा 5 एकड़ क्षेत्र में उड़द तथा 1 एकड़ में मूंग की फसल की बोनी की गई। किसान ने बताया कि वह पूर्व में लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती करता था, लेकिन इस वर्ष कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उसने दलहन फसलों को अपनाया है, जिससे दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। कृषि विभाग द्वारा किसान को 5 एकड़ के लिए उड़द एवं 1 एकड़ के लिए मूंग का बीज निःशुल्क प्रदान किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में दलहन एवं तिलहन फसलों में पानी की आवश्यकता काफी कम होती है, जिससे जल संरक्षण के साथ साथ लागत में भी कमी आती है।

### निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी की आयुक्त ने मंगलवार को पावर हाउस क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर वहां की प्रमुख नागरिक समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुनियादी शहरी सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए जलनिकासी व्यवस्था में जाम, स्वच्छता की कमी और बढ़ती अवैध पार्किंग पर गंभीर चिंता जताई। इन समस्याओं के कारण आम राहगीरों और स्थानीय निवासियों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जाम और खराब रख रखाव वाली नालियों को लेकर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने गंदे पानी के सुचारु प्रवाह को सुनिश्चित करने और जलजमाव की स्थिति से बचाव पर विशेष जोर दिया। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान बार बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं से स्थायी रूप से निपटने के लिए दीर्घकालिक जलनिकासी समाधान लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर हो रही अनधिकृत पार्किंग पर सख्त रुख अपनाते हुए आयुक्त ने अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश दिए।

## निधन...

### स्नेहलता महाणा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 के 66 वर्षीय स्नेहलता महाणा का निधन हो गया। बीते कई महीनों से वे अस्वस्थ थी।



उनके निधन पर इस वार्ड के पार्षद एवं नगर उपाध्यक्ष उमेश साव गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्नेहलता महाणा समूचे परिवार को बांधे रखने में कारगर साबित हुए थे।

### नाम परिवर्तन संबंधी सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मैं कमलेश्वर दास पिता मनहरी दास, निवासी-महन्त मोहल्ला, ग्राम तेलीकोट, तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) का हूँ जो कि मैनें अपने नाम में परिवर्तन किया है। अब से मुझे कमलेश्वर दास पिता मनहरी दास, जन्मतिथि:- 20/06/1986 के नाम से जाना पहचाना जायेगा, भविष्य में सभी कार्यों, दस्तावेजों एवं सरकारी अभिलेखों में मुझे कमलेश्वर दास पिता मनहरी दास, जन्मतिथि:- 20/06/1986 के नाम से जाना पहचाना जाए।
पुराना नाम (आधार कार्ड अनुसार) :- कमलेश महन्त पिता मनहरी दास महन्त
पुराना जन्मतिथि:- (आधार कार्ड अनुसार) :-01/01/1987 नया नाम (अंकसूची एवं स्कूल रिकार्ड अनुसार) :- कमलेश्वर दास पिता मनहरी दास जन्म तिथि (अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र अनुसार) :- 20/06/1986
दिनांक:- 15/01/2026
आवेदक हस्ताक्षर
कमलेश्वर दास पिता मनहरी दास
निवासी-महन्त मोहल्ला तेलीकोट
तहसील खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

## सभी जोनल अधिकारी करेंगे धान खरीदी केंद्रों की निगरानी

# अब हटेगा श्मशान घाट, खेल मैदान और अन्य सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनशिकायत पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण का समीक्षा किया । उन्होंने कहा की सभी अधिकारी संवेदनशीलता और गंभीरता से आवेदन का निराकरण करें।

कलेक्टर ने श्मशान घाट, खेल मैदान जैसे शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़ा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग में भू अर्जन के प्रकरणों में राज्य शासन को भेजे गए पत्र की सूचना आदि हितग्राहियों को भी उपलब्ध कराए ताकि उन्हें शासन के कार्य में पारदर्शिता का विश्वास बना रहे। कलेक्टर ने कहा किए जिले में किसी भी अधिकारी कर्मचारी से जुड़े अनुकम्पा नियुक्ति, पदोन्नति, समयमान वेतनमान का प्रकरण हो वे गठित कमेटी के माध्यम से निराकरण करेंगे। वहीं ग्राम भेड़वन के आयुर्वेद हॉस्पिटल में पंचकर्म के सेटअप निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डा. कन्नौजे ने ईऑफिस में सभी विभागों को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक में आयोजित विभिन्न बैठकों के पालन प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सयुंक्त खाता प्रकरण के निराकरण के लिए सहकारिता विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के उड़न दस्ता टीम के सभी ज़ोनल जिला स्तरीय अधिकारियों को पूछा किए कहाँ कहाँ किस किस धान खरीदी केंद्र का अवलोकन किए वहां नोडल अधिकारी पटवारी उपस्थित थे या नहीं, कितने अपात्र धान को रिजेक्ट किए, कितने सही पाए इत्यादि बिन्दुओ पर आगामी धान खरीदी के अंतिम दिनों तक जांच करें। धान उपार्जन केन्द्र में जाकर स्टॉक का मिलान करें। सभी क्षेत्रों में अवैध धान भंडारण, परिवहन करने वाले कोचियों पर कार्रवाई करें।




बैठक लेते कलेक्टर।

### फील्ड में करें काम

आगामी 26 जनवरी समारोह की तैयारी, पीएम आवास निर्माण, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना, जिला अस्पताल निर्माण, संयुक्त जिला कार्यालय, स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र, पीएमश्री स्कूल निर्माण, अपार आईडी, सरस्वती सायकल वितरण, आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आश्रम छात्रावास के बालक बालिकाओं के हेल्थ चेकअप, एनीमिया जांच, विभिन्न विकास प्राधिकरणों के प्रगति कार्यों, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, पीएम किसान सम्मान निधि राजस्व कार्य नक्शा बंटाकन, फौती नामांतरण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी की संख्या बढ़ाने, पेंशनर रिपोर्ट, पेंशनरों के बैंक खाता से मोबाइल नंबर सीडिंग आदि के कार्यों का समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्य करने के निर्देश दिए।



## टीआरएन एनर्जी में श्रमिकों के स्वास्थ्य को मिली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएँ ईएसआईसी, श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड टेंड्रा नवापारा, जिला रायगढ़ में श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। यह शिविर बीमा चिकित्सा पदाधिकारी रायगढ़ कार्यालय द्वारा जारी कार्यालयीन आदेश के अंतर्गत बीते 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित हुआ। श्रम विभाग मंत्रालय एवं कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा बीमारी की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहा।

▪ ईएसआईसी श्रम विभाग द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन

शिविर के दौरान श्रमिकों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच, आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण, विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया और शासन की इस जनहितकारी पहल का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने हेतु बीमा चिकित्सा विभाग की अनुभवी टीम मौके पर तैनात रही। टीम में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड सेवक एवं सहायक कर्मचारी शामिल रहे, जिन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ श्रमिकों की सेवा की। यह स्वास्थ्य शिविर श्रमिकों के कल्याण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक दायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। श्रमिकों ने ईएसआईसी एवं श्रम विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई।

### कारखाना प्रबंधन की सक्रिय सहभागिता

शिविर के आयोजन के दौरान कारखाना चिकित्सा अधिकारी डाक्टर वि विषमाया एमके, कारखाना प्रबंधक प्रहलाद प्रसाद एवं लायजनिंग अधिकारी अनुराग पटनायक की विशेष उपस्थिति रही। प्रबंधन द्वारा स्थल, व्यवस्थाओं एवं समन्वय में पूरा सहयोग प्रदान किया गया, जिससे शिविर सुचारु रूप से संपन्न हो सका।

## प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने की कलेक्टर से सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से सौजन्य मुलाकात कर संघ का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया गया। इस अवसर पर संघ की ओर से कर्मचारियों के हित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की जानकारी देते हुए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर संघ के कार्य जिलाध्यक्ष संजीव सेठी, जिला सचिव बीएलएस जटवार, सुखदेव सिधार, जिला उपाध्यक्ष विकास सिन्हा, तहसील अध्यक्ष विकास तिवारी, आईटीआई संघ अध्यक्ष अनिल डनसेना एवं तहसील सचिव दीपक सिंह की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संघ के कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया था। कैलेंडर में प्रदर्शित शासकीय अवकाशों एवं उपयोगी जानकारियों की सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहना की गई। संघ ने पुनः यह संकल्प दोहराया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सदैव कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान एवं हितों की रक्षा हेतु निरंतर कार्य करता रहेगा।



## गारे पेलमा कोल माइंस को लगातार 5 वें वर्ष मिला फर्स्ट प्लेस सम्मान



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गारे पेलमा III ओपनकास्ट कोल माइंस ने सुरक्षा और संचालन मानकों में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सम्मान ग्रुपई श्रेणी में ओवरऑल फर्स्ट प्लेस है। यह उपलब्धि जीपी III के लिए लगातार पाँचवें वर्ष की उल्लेखनीय सफलता है। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी द्वारा बैकुंठपुर क्षेत्र में किया गया।

इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल उज्ज्वल ताह, डिप्टी डायरेक्टर जनरल राम अवतार मीना, तथा डायरेक्टर टेक्निकल एन. फ्रैंकलिन जयकुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। टीम का नेतृत्व कर रहे क्लस्टर प्रमुख एलआरसी रेड्डी एवं साइट हेड विवेक रैरकर ने पूरे दल के साथ पुरस्कार प्राप्त किए। इस वर्ष गारे पेलमाIII कोल माइंस ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रुपई श्रेणी में ओवरऑल फर्स्ट प्लेस के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधन योजना एवं एसओपी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विस्फोटक प्रबंधन तथा प्रकाश व्यवस्था श्रेणी में भी प्रथम स्थान हासिल किया गया। इसके अतिरिक्त, माइंस वर्किंग में द्वितीय स्थान, डंप प्रबंधन, पुनर्वास एवं वनीकरण में द्वितीय स्थान, तथा सर्वेक्षण श्रेणी में भी द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष भी जीपी III ने सात पुरस्कारों के साथ ओवरऑल फर्स्ट प्लेस हासिल किया था। लगातार पाँच वर्षों तक शीर्ष स्थान प्राप्त करना सीएसपीजीसीएल की सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत खनन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### हॉकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विष्णु

**राउरकेला।** 10वां संगठनात्मक सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन यूनियन के अध्यक्ष एवं सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विष्णु महांति ने किया। विष्णु महांति ने कहा कि वर्तमान समय में देश के श्रमिक वर्ग पर सरकार के हमले तेज हो गए हैं। सभी पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर लेबर कोड लागू किए गए हैं जिनका उद्देश्य श्रमिकों को मालिकों की गुलामी की ओर धकेलना है। उन्होंने बताया कि इन नीतियों के विरोध में आगामी 12 फरवरी को सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल और बंद का आह्वान किया गया है।

## एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बेलटिकरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा ग्रामीण विकास के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

शिविर के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने की। मुख्य अतिथि ग्राम बेलटिकरी की सरपंच श्रीमती शीतला देवी हीरालाल चौहान रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला बेलटिकरी के प्रधान पाठक बैसाखू राम साहू एवं श्रीमती दूज बाई भारद्वाज जभा शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ ग्राम समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने स्वयंसेवकों से अनुशासन सेवा और समर्पण भाव के साथ शिविर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।




## पुसौर के उद्यान रोपणी बाघाडोला में योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में उद्यान रोपणी बाघाडोला की स्थापना कई दशक पहले हुई है। एक उद्यान प्रभारी के साथ ही कई माली एवं अन्य स्टाफ होते हैं। उद्यान में मनरेगा के अधीन काम कराया जाता है जिसमें बरसात में रोपने के लिए पौधे भी तैयार किए जाते हैं और उद्यान में फलदार पौधे लगाने के साथ साथ पुराने पेड़ों से कैसे फल उपजाया जाता है। उससे कैसे लाभ अर्जित किया जाए इस पर भी प्रयास किया जाता रहा है। इन दिनों उद्यान प्रभारी नहीं है उनके स्थान पर फील्ड के कर्मचारी श्री बरेठ को इसका प्रभार दिया गया है जिनका काम फील्ड में किसानों द्वारा लगाए गए उद्यानिकी की जांच करना है। फील्ड आफिसर श्री बरेठ किसानों के फसल जांचने गए थे ऐसे स्थिति में उद्यान में श्रमिक काम करते हुए मिले जिन्हें गाइड करने के लिए पदस्थ माली भी नहीं थे। ऐसे में उद्यान की गतिविधियों पर सवाल उठना लाजिमी है। जनप्रतिनिधियों के मुताविक उद्यान रोपणी बाघाडोला द्वारा किसानों के उद्यानिकी तो जांच करती है लेकिन उन्हें जो शासन द्वारा लाभ दिया जाना होता है उसे अवगत नहीं कराते।

### छर्राटांगर की राधिका ने ट्रायल्स में जीत दर्ज कर खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयनित

**छर्राटांगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर की उपलब्धियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। विद्यालय की होनहार छात्रा राधिका राठिया कक्षा 11 ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बीते 7 जनवरी को आयोजित इन ट्रायल्स में राधिका ने कुश्ती के 76 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया। उनकी तकनीक और शारीरिक क्षमता ने उन्हें सीधे राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन का टिकट दिला दिया है। अब राधिका 14 फरवरी से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित होने वाले देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।



## रासेयो से सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है : पटेल

**कोसीर।** राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित यह सात दिवसीय आयोजन एक सामाजिक और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम है। जहां कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थी स्वयंसेवक के रूप में ग्रामीण या शहरी क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता, स्वास्थ्यएशिक्षा और सामुदायिक विकास से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होते हैं, जिससे बच्चों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है।

उक्त उदगार सेजेश विद्यालय सारंगढ़ के प्राचार्य एलपी पटेल ने सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बच्चों पालकों को संबोधित करते हुए कहा। प्राचार्य एलपी पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यालयीन गतिविधियों का ही एक अहम हिस्सा है जिसके अंतर्गत बच्चों को सामाजिक सहभागिता और सेवा के माध्यम से शिक्षा के सिद्धांत आधारित विविध जीवन कौशलों का विकास सुनिश्चित किया जाता है। प्राचार्य एल पी पटेल ने कहा कि रासेयो छात्रों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से रूबरू कराकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। विदित हो कि प्राचार्य एलपी पटेल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में सेजेस विद्यालय सारंगढ़ का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर आयोजित किया गया था। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य और स्वच्छता जन जागरूकता, नृत्य नाटक नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सभी कार्यक्रमों में समाज के प्रतिष्ठित लोगों को मुख्य अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया था। बच्चों के द्वारा शानदार एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया। रासेयो का यह सात दिवसीय कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण रहा।




## पांच साल बाद लौटेगी गणतंत्र की रौनक, होगा रंगारंग आयोजन

**रायगढ़।** कोरोना काल के बाद इस साल घरघोड़ा में गणतंत्र दिवस का उत्सव फिर से पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। लगभग पाँच साल बाद नगर में गणतंत्र दिवस की रौनक लौटने जा रही है, जिसे लेकर प्रशासन और नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

एसडीएम घरघोड़ा दुर्गा प्रसाद अधिकारी बताया कि कोरोना काल से उबरते हुए इस बार गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरी गरिमा और शानदार ढंग से किया जाएगा। सभी शासकीय व अशासकीय संस्थानों में झंडारोहण के उपरांत नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। नगर के समस्त स्कूलों के विद्यार्थी रैली के रूप में जय स्तम्भ चौक पहुंचेंगे, जहां एसडीएम द्वारा झंडारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात जय स्तम्भ चौक से रैली कारगिल चौक पहुंचेगी, जहां पुनः झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद रैली हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी, जहां जनपद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। हाई स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में मार्चपास्ट के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी जाएगी। इसके बाद विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी, जो शासकीय योजनाओं और सामाजिक संदेशों को दर्शाएंगी।



